वार्षिक रिपोर्ट
ANNUAL REPORT
1992-93

इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र, नई दिल्ली

INDIRA GANDHI NATIONAL CENTRE FOR THE ARTS
NEW DELHI

विषय सूची

संकल्पना 3

न्यास का निर्माण 4

संगठन 4

कार्यकलाप 5

कला निधि 9

कार्यक्रम क : संदर्भ पुस्तकालय 9

कार्यक्रम ख : राष्ट्रीय सूचना प्रणाली तथा डेटा बैंक 14

कार्यक्रम ग : सांस्कृतिक अभिलेखागार 19

कार्यक्रम घ : क्षेत्र अध्ययन 21

कला कोश 23

कार्यक्रम क : कलातत्त्वकोश 24

कार्यक्रम ख : कलामूलशास्त्र 24

कार्यक्रम ग : कलासमालोचन 28

कार्यक्रम घ : कला विश्वकोश 29

जनपद सम्पदा 31

कार्यक्रम क : मानवजाति वर्णनात्मक संग्रह 32

कार्यक्रम ख : बहुमाध्यमिक प्रस्तुतियां तथा गतिविधियां 33

कार्यक्रम ग : जीवन शैली अध्ययन 34

कार्यक्रम घ : बाल जगत 39

कला दर्शन 41

कार्यक्रम क : संग्रह 41

कार्यक्रम ख : संग्रहालय और प्रदर्शनियां 41

कार्यक्रम ग : प्रलेखन तथा प्रकाशन 43

कार्यक्रम घ : वार्ताएं एवं व्याख्यान 43

सूत्रधार 44

क : कार्यालय 44

ख : आपूर्ति एवं सेवाएं 44

ग : शाखा कार्यालय 44

घ : चित्र एवं लेखे 44

ङ : आवास 45
च : शोधवृत्ति योजना 46
छ : राष्ट्रीय संस्थाओं के साथ संबंध स्थापन 46
ज : अन्तर्राष्ट्रीय संवाद 47

भवन परियोजना 50

अनुबन्ध 51
1. इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र न्यास के सदस्य 51
2. इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र न्यास की कार्यकारिणी समिति के सदस्य 54
3. अधिकारियों की सूची 55
4. वरिष्ठ अनुसंधान अध्येताओं कनिष्ठ अनुसंधान अध्येताओं और परामर्शदाताओं की सूची 57
5. वर्ष 1992-93 के दौरान हुई संगोष्ठियां कार्यशालाएं 59
6. वर्ष 1992-93 के दौरान हुई प्रदर्शनियां 60
7. मार्च, 1993 तक के प्रकाशनों की सूची 61
8. वीडियो व ऑडियो प्रलेखन 72
9. अप्रैल, 1992 से 31 मार्च, 1993 तक हुई घटनाओं की तालिका 74
10. विभिन्न सम्मेलनों संगोष्ठियों कार्यशालाओं में भाग लेने के लिए भेजे गए अधिकारियों का ब्यौरा 79
11. सदस्य सचिव डॉ. कपिला वात्स्यायन द्वारा वर्ष 1992-93 के दौरान भाग लिए गए सम्मेलनों, संगोष्ठियों की सूची 82

इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र

संकल्पना

श्रीमती इन्दिरा गांधी की स्मृति में स्थापित इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र की कल्पना एक ऐसे संस्थान के रूप में की गई है जिसमें सभी कलाओं के अध्ययन एवं अनुभव का समावेश हो और कला का प्रत्येक रूप उसका एक अलग अस्तित्व रखते हुए भी पारम्परिक अन्योन्याश्रय की स्थिति में, प्रकृति, सामाजिक संरचना और क्रियाशील व्यवस्था के साथ पारस्परिक रूप से संबद्ध हो।

कलाओं के विषय में यह दृष्टिकोण जो मानव संस्कृति के व्यापक परिवेश के साथ अखंड रूप से जुड़ा है, और इसके लिये आवश्यक भी है, श्रीमती गांधी की इस मान्यता पर आधारित है कि कलाओं की भूमिका मनुष्य के लिये व्यक्तिगत रूप में तथा एक सामाजिक प्राणी के रूप में उनके अंतरंग गुणों को विकसित करने के लिये आवश्यक है। यह दृष्टिकोण सम्पूर्ण विश्व को एक समझने की (विश्वबंधुत्व) एवं विश्व की अखंडता की भावना (वसुधैव कुटुम्बकम्) में समाविष्ट है जो भारतीय परंपरा में सर्वत्र मुखरित है और जिस पर महात्मा गांधी तथा रवीन्द्रनाथ ठाकुर जैसे आधुनिक भारतीय मनीषियों ने भी बल दिया है।

यहाँ कलाओं के क्षेत्र को बहुत व्यापक रूप में देखा गया है जिसमें शामिल हैं; लिखित तथा मौखिक रूप में उपलब्ध सर्जनात्मक एवं समीक्षात्मक साहित्य, काव्यकला, मूर्तिकला, चित्रकला और लेखांकनकला से लेकर लोकप्रिय भौतिक संस्कृति, फोटोग्राफी और फिल्म जैसी दृश्य कलाएं, अपने अधिक से अधिक व्यापक अर्थों में संगीत, नृत्य, नाट्य जैसी प्रदर्शनात्मक कलाएं और मेलों, उत्सवों तथा जीवन शैली में उपलब्ध वह सब कुछ जो किसी भी दृष्टि से कलात्मक कहा जा सकता हो। प्रारंभ में केन्द्र अपना ध्यान भारत पर ही केन्द्रित करेगा, लेकिन आगे चलकर वह अपना क्षेत्र अन्य सभ्यताओं तथा संस्कृतियों तक बढ़ा लेगा। अनुसंधान, प्रकाशन, प्रशिक्षण, सर्जनात्मक कार्यकलाप तथा प्रदर्शन के विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से केन्द्र कलाओं को प्राकृतिक तथा मानवीय परिवेश के संदर्भ में प्रस्तुत करने का प्रयत्न करेगा। अपने समग्र कार्य में केन्द्र का आधारभूत दृष्टिकोण बहुविषयक तथा अंतर्विषयक दोनों प्रकार का होगा। केन्द्र के समग्र उद्देश्य निम्नलिखित हैं :

1. कलाओं, विशेषकर लिखित, मौखिक और दृश्य स्रोत सामग्री के प्रमुख संसाधन केन्द्र के रूप में कार्य करना;
2. मुख्यतः स्थिर रूप से वैज्ञानिक अध्ययनों और सजीव प्रदर्शनों का आयोजन करने के लिये क्रोड संग्रह के साथ साथ जनजातीय और लोक कला प्रभाग स्थापित करना;
3. कला, मानविकी और सामान्य सांस्कृतिक परिवेश से संबंधित संदर्भ ग्रंथों, शब्द-कोशों, शब्दावलियों, विश्वकोशों के अनुसंधान और प्रकाशन के कार्यक्रम हाथ में लेना;
4. प्रदर्शनों, प्रदर्शनियों, बहुमाध्यमिक प्रस्तुतियों, सम्मेलनों, गोष्ठियों तथा कार्यशालाओं के माध्यम से विभिन्न परम्परागत तथा समकालीन कलाओं के क्षेत्र में तथा उनके बीच परस्पर सर्जनात्मक एवं समीक्षात्मक संवाद विचार-विमर्श के लिये एक मंच उपलब्ध करना;
5. दर्शन, विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी संबंधी समसामयिक विचारों और कलाओं के बीच संवाद को बढ़ावा देना ताकि बौद्धिक समझ-बूझ के उस अंतर को दूर किया जा सके जो अक्सर एक तरफ आधुनिक विज्ञानों और दूसरी तरफ कला तथा संस्कृति, जिनमें परम्परागत कला-कौशल तथा ज्ञान शामिल है, के बीच उत्पन्न हो गया है;

6. भारतीय प्रकृति के अनुरूप अनुसंधान कार्यक्रमों तथा कला प्रशासन के लिये मॉडल तैयार करना;

7. विविध सामाजिक स्तरों, समुदायों और क्षेत्रों के बीच पारस्परिक क्रियाओं के जटिल लेने-देने के रचनात्मक तथा गतिशील तत्वों को स्पष्ट करना;

8. भारत और विश्व के अन्य भागों के बीच ऐतिहासिक और सांस्कृतिक संबंधों के प्रति जागरूकता और संवेदनशीलता को बढ़ावा देना;

9. कला और संस्कृति के अन्य राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय केन्द्रों के साथ संचार माध्यमों का विकास करना और कला, मानविकी और सांस्कृतिक धरोहर के संबंध में अनुसंधान कार्य करने और उनको मान्यता प्रदान करने के लिये भारतीय तथा विदेशी विश्वविद्यालयों और अन्य शिक्षा संस्थाओं के साथ संबंध स्थापित करना।

विशेष कार्यक्रमों तथा परियोजनाओं के माध्यम से कलाओं में अन्योन्याश्रय और कलाओं तथा सांस्कृतिक अभिव्यक्ति के अन्य रूपों के बीच अन्योन्याश्रय संबंध, विभिन्न क्षेत्रों के बीच परस्पर प्रभाव तथा जनजातीय, ग्रामीण और शहरी तथा स्थानीय एवं वैश्विक परम्पराओं के बीच पारस्परिक संबंधों का पता लगाया जाएगा और उनको अभिलिखित तथा प्रस्तुत किया जाएगा।

न्यास का निर्माण

भारत सरकार, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, कला विभाग के संकल्प संख्या एफ. 16-7/86-कला, दिनांक 19 मार्च, 1987 के अनुसरण में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र न्यास को नई दिल्ली में दिनांक 24 मार्च, 1987 को विधिवत् रूप से गठित व पंजीकृत किया गया था।

प्रारम्भ में एक 7 सदस्यीय न्यास स्थापित किया गया था। बाद में भारत सरकार की अधिसूचनाओं के द्वारा न्यासी मंडल में नए सदस्य जोड़े गए। वर्ष 1991-92 के दौरान न्यासियों की संख्या बढ़ाकर 21 कर दी गई। वर्ष 1992-93 के दौरान जो इक्कीस न्यासी पदभ्रहण किए हुए थे उनकी सूची अनुबंध 1 पर दी गई है।

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र न्यास की जो कार्यकारिणी समिति 11 फरवरी, 1991 को गठित की गई थी उसके सदस्यों की सूची अनुबंध 2 पर दी गई है।

संगठन

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र की संकल्पात्मक योजना में वर्णित उद्देश्यों को पूरा करने के लिए और अपने प्रमुख लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए केन्द्र अपने पांच प्रभागों के माध्यम से कार्य करता है जो संरचनात्मक दृष्टि से स्वायत्त होते हुए भी कार्यक्रमों के आयोजनों के मामले में परस्पर जुड़े हुए हैं।

इंदिरा गांधी कला निधि : इसमें (क) मानविकी विषयों तथा कलाओं में अनुसंधान के लिए प्रमुख संसाधन केन्द्र के रूप में कार्य करने के लिये बहुविध संग्रहों से सुसज्जित सांस्कृतिक संदर्भ पुस्तकालय है, जिसे संबल प्रदान करने के लिये (ख) कलाओं, मानविकी विषयों तथा सांस्कृतिक परम्पराओं (धरोहर) पर एक कम्प्यूटरीकृत राष्ट्रीय सूचना प्रणाली एवं डेटा बैंक और (ग) सांस्कृतिक अभिलेखागार तथा वाचनालय, विद्वानों के बहुविध व्यक्तिगत संग्रह और क्षेत्र अध्ययन की व्यवस्था है।

इंदिरा गांधी कला कोश : यह प्रभाग आधारभूत अनुसंधान कार्य करता है। यह ऐसे दीर्घकालिक कार्यक्रम आरम्भ करता है, जिनमें (क) कला और शिल्प की आधारभूत संकल्पनाओं का एक कोश तथा बुनियादी तकनीकी शब्दों का संग्रह और अंतर्विषयक शब्दावलियां, (ख) भारतीय कलाओं के आधारभूत ग्रंथों की श्रृंखला (कलामूलशास्त्र),

(ग) भारतीय कलाओं के विषय में समीक्षात्मक कृतियों के पुनर्मुद्रण की श्रृंखला (कला समालोचन) और (घ) भारतीय कलाओं का एक बहुखंडीय विश्वकोश सम्मिलित हैं।

इन्दिरा गांधी जनपद सम्पदा : यह प्रभाग (क) लोक तथा जनजातीय कलाओं और शिल्पों से संबंधित महत्वपूर्ण सामग्री का संग्रह तथा प्रलेखन करता है, (ख) बहुविध संचार माध्यमों के जरिए प्रस्तुतियां करता है, (ग) जनजातीय समुदायों की बहुविषयक जीवन शैलियों के अध्ययन के लिए व्यवस्था करता है जिससे कि समग्र भारतीय सांस्कृतिक दृश्य प्रपंच और पर्यावरणात्मक, पारिस्थितिक, कृषि विषयक, सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक तथा राजनीतिक आयामों के ताने-बाने के वैकल्पिक मॉडल तैयार किए जा सकें, इनके अलावा, (घ) इसने एक बाल शिक्षाशाला स्थापित की है और (ङ) एक संरक्षण प्रयोगशाला स्थापित करेगा।

इन्दिरा गांधी कला दर्शन : कला एवं संस्कृति के एकीकृत विषयों तथा संकल्पनाओं पर अंतर्विषयात्मक संगोष्ठियों एवं प्रदर्शनियों के लिये एक मंच की व्यवस्था करता है। इसके भवनों में तीन वीथिकाएं (थियेटर) और बड़ी दीर्घाएं होंगी

सूत्रधार : अन्य सभी प्रभागों को प्रशासनिक, प्रबन्धकीय और संगठनात्मक सहायता तथा सेवाएं प्रदान करता है।

संस्था के अकादमिक प्रभाग अर्थात् कला निधि तथा कला कोश अपना ध्यान प्रमुख रूप से बहुविध प्राथमिक एवं गौण सामग्री के संग्रह पर लगाते हैं, आधारभूत संकल्पनाओं की खोज करते हैं, रूप के सिद्धान्तों का पता लगाते हैं और पारिभाषिक शब्दावलियों को स्पष्ट करते हैं। वे यह कार्य सिद्धान्त और पाठ (शास्त्र) और बौद्धिक चर्चा (विमर्श) और निर्वचन (मार्ग) के स्तर पर करेंगे। जनपद सम्पदा और कला दर्शन प्रभाग लोक, देश तथा जन के स्तर पर अभिव्यक्ति, प्रक्रिया, जीवन कार्य तथा जीवन शैली और मौखिक परम्पराओं पर ध्यान देते हैं। चारों प्रभागों के कार्यक्रम सम्मिलित रूप से कलाओं को उनके जीवन तथा अन्य विषय संबंधी मूल संदर्भों में प्रस्तुत करते हैं।

प्रत्येक प्रभाग में अनुसंधान करने, कार्यक्रम बनाने और अंतिम निष्कर्ष निकालने की रीतियां एक जैसी हैं। हर प्रभाग का कार्य दूसरे प्रभागों के कार्यक्रमों का पूरक होता है।

वार्षिक रिपोर्ट

1 अप्रैल 1992 से मार्च 1993 तक

कार्यकलाप

इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र के लिये, वर्ष 1992-93 सर्वतोमुखी प्रगति तथा विकास का वर्ष रहा। अपनी कार्यकारिणी समिति के अध्यक्ष श्री पी.वी. नरसिंह राव के मार्गदर्शन में केन्द्र ने विभिन्न दिशाओं में बहुत तेजी से प्रगति की।

1992-93 एक ऐसे वर्ष के रूप में पूर्णित हुआ, जिसमें इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र अपनी प्रदर्शनियों, फिल्म प्रदर्शनों, पुस्तिकाओं कार्यक्रमों, अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठियों और व्याख्यान मालाओं के माध्यम से अपेक्षाकृत अधिक दर्शकों तथा श्रोताओं तक पहुंचा।

प्रदर्शनियां

पहली प्रमुख घटना थी मई, 1992 में "पत्थरों में संवाद: बृहदीश्वर तथा गोविन्ददेव मंदिरों की वास्तुशिल्पीय चित्रकारियां" शीर्षक प्रदर्शनी का आयोजन। "छायांकन के माध्यम से" शीर्षक योजना के अन्तर्गत डॉ. फ्रांसिस्को दि ओराजी फलावोनी की प्रदर्शनी "गवांगी" और हेनरी कार्टिए ब्रेस्सों की प्रदर्शनी "भारत" क्रमश: 7-13 सितम्बर, 1992 और 11-25 नवम्बर, 1992 में लगाई गई। दोनों प्रदर्शनियां काफी लोकप्रिय सिद्ध हुई। ये फिर बंबई में भी लगाई गई।

स्त्रियों द्वारा बनाये गए मधुबनी चित्रों के साथ स्टूल द्वारा किए गए संग्रह की एक फोटोग्राफिक प्रदर्शनी जो सरदार पटेल विद्यालय में लगाई गई थी और माईकल मेस्के द्वारा प्रस्तुत किया गया पुतलियों का खेल "एक अकेला कान", बच्चों के लाभ के लिए प्रदर्शित किए गए - दोनों को उत्साहपूर्वक स्वागत किया गया।

वर्ष 1992-93 की बहु-विषयक तथा बहु-माध्यमिक प्रदर्शनियों में प्रमुख प्रदर्शनी थी: "प्रकृति: मानव महाभूतों के साथ संवाद" में जो जनवरी, 1993 में आयोजित की गई। इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र परिसर के प्राकृतिक परिवेश में आयोजित इस प्रदर्शनी ने अपनी जटिलता में निहित सरलता के द्वारा कला जगत को चकित कर दिया। विद्वानों, पर्यावरणवादी विशेषज्ञों, समालोचकों तथा जन साधारण सभी ने इसकी भूरि-भूरि प्रशंसा की और अनेक दैनिक समाचार पत्रों ने प्रशंसात्मक टिप्पणियां प्रकाशित कीं।

इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र की एक अन्य प्रदर्शनी जिसने विवेकशील भावकों में व्यापक रूप से प्रतिक्रिया एवं प्रशंसा अर्जित की वह थी "निजाकली"। इसमें एक 82 वर्षीय ग्रामीण कलाकार श्रीमती मनोकला दुधल द्वारा महाभारत के प्रसंगों को लेकर की गई, स्वयंस्फूर्त रचनाशीलता चित्रकारियां प्रदर्शित की गई थीं। बाल भवन सोसाइटी के परिसर में आयोजित इस प्रदर्शनी को देखने के लिये अनेक अतिविशिष्ट महानुभाव पधारे और आबालवृद्ध सभी ने इसका आनन्द लिया।

फिल्में

इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र की प्रथम दो फिल्में "लाई हरोबा" जो श्री अरिबाम श्याम शर्मा द्वारा बनाई गई थी, और "बाहुला" जो श्री बासु चटर्जी द्वारा बनाई गई थी, इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में दिखाई गई। इनमें से अन्तिम अर्थात् "बाहुला" ने पालोमर्स फिल्मोत्सव में राष्ट्रीय पुरस्कार प्रतियोगिता में रजत कमल पुरस्कार जीत कर इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र को विजयश्री दिलाई।

संगोष्ठियां

वर्ष 1992-93 के दौरान केन्द्र द्वारा तीन उल्लेखनीय अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठियां आयोजित की गईं। केन्द्र ने सितम्बर, 1992 में "इक्ता कला पुस्तकालय कार्यशाला" आयोजित की, जनवरी, 1993 में "प्रकृति और मानव-एक समग्र दृष्टि" विषय पर संगोष्ठी आयोजित की, और फरवरी, 1993 में "संचार संपर्क (नेटवर्किंग) के लिये दक्षिण तथा दक्षिण-पूर्व एशियाई क्षेत्र के सदस्य देशों के विशेषज्ञों की द्वितीय परामर्श बैठक" बुलाई।

व्याख्यान

व्याख्यान तथा विचार विमर्श के माध्यम से राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठा प्राप्त विशेषज्ञों एवं विद्वानों के साथ विचारों का आदान-प्रदान केन्द्र में वर्ष भर चलता रहा। विषयों की व्यापकता, वक्ताओं की विविधता और विचारों की नवीनता ने अनेक विषय-विधाओं के विशेषज्ञों के बीच एक उच्च स्तरीय बौद्धिक शास्त्रार्थ का वातावरण प्रस्तुत किया। इन व्याख्यानों तथा परिचर्चाओं के माध्यम से केन्द्र ने अंतर्विषयक संवाद के लिये एक समुचित मंच की व्यवस्था की है।

अकादमिक कार्यक्रम

वर्ष 1992-93 के दौरान प्रत्येक प्रभाग में विभिन्न कार्यक्रमों के कार्यान्वयन के लिये आधारभूत ढांचा और मजबूत किया गया। परियोजनाओं की रूपरेखाओं की जांच करने और उनमें आवश्यक संशोधन करने का काम बराबर जारी रहा और दीर्घकालीन तथा प्रायोगिक परियोजनाओं के मेल से विशिष्ट मॉड्यूल तैयार किए गए।

पुस्तकालय में नई नई सामग्री प्राप्त होती रही। इसके मौजूदा भण्डार में प्रतिभास मुद्रित पुस्तकें, पाण्डुलिपियां, लघुचित्रों तथा चित्रकारियों की अनुलिपियां, छायाचित्र, स्लाइडें, टेप तथा वीडियो सामग्री जुड़ती गई। पहले की तरह, द्विपक्षीय करारों के अंतर्गत तथा सांस्कृतिक आदान प्रदान कार्यक्रमों के अन्तर्गत भी, विभिन्न देशों से बहुमूल्य सामग्रियां प्राप्त हुईं। प्राप्त सामग्री को दर्ज करने, इनका वर्गीकरण करने तथा कम्प्यूटर संचालित कैटलॉग तैयार करने का काम अबाध गति से चलता रहा। पुस्तकालय में संगृहीत सभी प्रकार की सामग्रियों तथा कम्प्यूटर संचालित कैटलॉगों ने अनेक देशों के विद्वानों का ध्यान आकर्षित किया। भारत तथा विदेशों से अनेक महानुभाव पुस्तकालय में पधारे।

केन्द्र के अनुसंधान कार्यक्रम जो अंतर्लोगत्वा शब्दकोशों, अनूदित तथा संपादित प्राथमिक ग्रंथों के प्रकाशन, विद्वतापूर्ण कलाकृतियों के पुनर्मुद्रण तथा कला इतिहास विदों के समालोचनात्मक लेखों के रूप में परिणत होते हैं, वर्ष भर चलते रहे। इंडियाना विश्वविद्यालय, संयुक्त राज्य अमेरिका के लेविस रौबेल ने "भारत की कला का प्रलेखन" शीर्षक अपने समीक्षात्मक निबंध में लिखा:

"कलातत्त्वकोश परियोजना ..... जब पूरी हो जाएगी तो शब्दकोश में, भारतीय कला वाङ्मय की धारा में आधारभूत पारिभाषिक शब्दों (तत्त्वों) पर लगभग 250 निबंध होंगे। यह परियोजना इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र की सदस्य सचिव डॉ. कपिला वात्स्यायन के प्रधान सम्पादकत्व में चल रही है, ...

"ये निबंध एक समान रूपरेखा का पालन करते हैं: (1) संकल्पना का सामान्य सर्वेक्षण, (2) पारिभाषिक शब्द की व्युत्पत्ति, उससे संबद्ध व पर्यायवाची शब्द और उसके प्रमुख विपरीतार्थी, (3) संकल्पना का मूल अर्थ, (4) विभिन्न ग्रंथों तथा विचार धाराओं में उसका ऐतिहासिक विकास, (5) कलाओं में विभिन्न अभिव्यक्तियां, (6) रूप का वर्गीकरण और उनका उपविभाजन, (7) प्रक्रम के संबंध में शब्द के विशेष अर्थ; और (8) निष्कर्ष .....

''सर्वोपरि बात यह है कि कलातत्त्वकोश के प्रारंभिक खंड इस श्रृंखला की यह मूल उद्भावना प्रस्तुत करते हैं कि सभी भारतीय कलाएं भारतीय संस्कृति के एक जीवन्त वटवृक्ष की शाखाएं हैं : उनको चिंतन तथा विज्ञान के अन्य आयामों, शिल्पक तथा कारीगरी, आध्यात्मिक तथा लौकिक परम्पराओं से अलग रखकर नहीं समझा जा सकता''।

जनपद सम्पदा प्रभाग द्वारा भारत के विभिन्न जनजातीय अंचलों में विशिष्ट क्षेत्र अध्ययनों की परियोजनाएं चलाई जाती रहीं। उसने विभिन्न इस क्षेत्रों में जनजातीय लोगों पर अपने अनुसंधान कार्यक्रम कार्यान्वित किए और विभिन्न क्षेत्रों के विशिष्ट समूहों के लोक साहित्य का संग्रह किया। विभिन्न सांस्कृतिक समुदायों तथा क्षेत्रों से संबंधित बहु-विषयक स्वरूप की इन परियोजनाओं में से कुछ के परिणाम अब संकलित किए जा रहे हैं।

कला दर्शन प्रभाग के कार्य को भी विशेष रूप से ''कला'' संगोष्ठी तथा प्रदर्शनी के संबंध में लेविस रैचेल द्वारा कहे गए शब्दों में संक्षेप में इस प्रकार व्यक्त किया जा सकता है :

''सम्मेलनों तथा संगोष्ठियों का रूप कला दर्शन प्रभाग को सौंपा गया है, और कला विषयक अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में भाग लेने के लिये ग्यारह देशों के लगभग 65 विद्वान् नई दिल्ली पधारे और एक सप्ताह तक बैठकों की श्रृंखला के एक कसे हुए कार्यक्रम में व्यस्त रहे .....

''संगोष्ठी का कोई भी दिन ऐसा नहीं गया जब केन्द्र के तत्त्वावधान में प्रकाशित किसी एक या अधिक पुस्तकों का सहयोगपूर्वक विमोचन न हुआ हो, जिनमें से प्रकाशन प्रमुख थे: ए.के. कुमारस्वामी की पुस्तक *डांस एण्ड इंटर्पिटी* और *वॉट इज सिविलाइजेशन?* के पुनर्मुद्रण और *डांस एण्ड इंटर्पल पॉज* (ले. जॉन मैकक्विम), *गवारी: ए पैस्टोरल कॉम्युनिटी आफ कच्छ* (ले. फ्रांसिस्को डि ओगली पत्नावोली) और *इस्लामिक आर्ट एण्ड स्पिरिच्युअलिटी* (ले. सैयद हुसैन नस्र) के नए प्रकाशन .....

''प्रदर्शनी का मूल लिपिकार डिजाइन एक बौद्धिक प्रयोग के अनुसार था जिससे परम्परागत भारतीय संस्कृति के छात्र परिचित होंगे: आदि काल (जब सृष्टि अव्यक्त रूप में होती है), सृष्टि, श्वास और स्पंदन की जैविक लय, विश्व की विभिन्न संस्कृतियों के सृष्टि संबंधी मिथकों में समय संबंधी संकल्पनाओं का प्रथम उच्चारण, दिक् एवं काल की ब्रह्माण्ड वैज्ञानिक धारणाएं, गति के रूप में समय, अस्तित्व का सार्वभौम अनुभव, और लोकातीत एवं इन्द्रियातीत की खोज''।

इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र की कार्यकारिणी समिति ने वर्ष 1992-93 की वार्षिक योजना का अनुमोदन किया और फिर अनुमोदित कार्यक्रमों की पारंपरिक में विस्तृत लक्ष्य निर्धारित किए गए। यह संतोष का विषय है कि भिन्न-भिन्न प्रभागों को, कुल मिलाकर, इन लक्ष्यों को प्राप्त करने में सफलता मिली। केन्द्र की कार्यकारिणी समिति तथा न्यास द्वारा अनुमोदित 10 वार्षिक योजना की रूपरेखा के अंतर्गत केन्द्र के कार्यकलापों का विस्तार किया गया। प्रत्येक प्रभाग की प्रमुख उपलब्धियों का ब्यौरा नीचे दिया गया है :-

कला निधि

कार्यक्रम क : संदर्भ पुस्तकालय

मुद्रित पुस्तकें

संदर्भ पुस्तकालय ने फरवरी, 1993 में अपने अस्तित्व का चौथा वर्ष पूरा किया। पिछले साल की तरह इस वर्ष भी पुस्तकालय ने इतिहास, पुरातत्व, धर्म, दर्शन, भाषा, साहित्य, कला, मानव विज्ञान, मानवजाति विज्ञान आदि सभी विषयों से संबंधित पुस्तकों, पत्र-पत्रिकाओं, माइक्रोफिल्म व माइक्रोफिश, फोटोग्राफ, स्लाइडों, फिल्मों, श्रव्य-दृश्य सामग्रियों आदि के संग्रह का काम जारी रखा। जैसा कि पिछली रिपोर्ट में कहा गया था, पुस्तकालय में विश्वकोशों, ग्रंथसूचियों, प्रारंभिक ग्रंथों, दुर्लभ पुस्तकों और सुनीतिकुमार चटर्जी, हजारी प्रसाद द्विवेदी, ठाकुर जयदेव सिंह, कृष्णा कृपलानी, नसली एलिन होरमानेक और लांस डेन प्रभृति विख्यात विद्वानों के व्यक्तिगत संग्रह जैसी सामग्री संगृहीत है।

इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र के संदर्भ पुस्तकालय की एक अनुपम विशेषता है उसका माइक्रोफिल्म और माइक्रोफिश संग्रह। पुस्तकालय ने संस्कृत, अरबी और फारसी की पाण्डुलिपियों के प्रमुख संकलनों की माइक्रोफिल्म और माइक्रोफिश प्रतियां प्राप्त करने के लिये विशेष प्रयत्न किया है। साथ ही उसने भारत के मुख्य पुस्तकालयों में उपलब्ध पाण्डुलिपियों की माइक्रोफिल्में तैयार करने का व्यापक एवं दीर्घकालीन कार्यक्रम हाथ में लिया है। इसका ब्यौरा इसी अध्याय में दिया गया है।

पुस्तकालय शोध छात्रों को भारत भर में और विदेशी पुस्तकालयों में यत्रतत्र उपलब्ध भारतीय सांस्कृतिक धरोहर विषयक प्राथमिक सामग्री तक पहुंचने का अवसर प्रदान करता है।

यहां भारतीय तथा विदेशी संग्रहों में उपलब्ध कला वस्तुओं और सचित्र पाण्डुलिपियों के फोटोग्राफ और स्लाइडें भी विशाल मात्रा में संगृहीत हैं।

पुस्तकालय में संगृहीत सभी प्रकार की सामग्रियों तक एक कम्प्यूटरीकृत कैटलॉग (ग्रंथसूची) के माध्यम से पहुंचा जा सकता है।

नई प्राप्तियां

मुद्रित सामग्री

इस वर्ष के दौरान पुस्तकालय को जो एक बड़ी उपलब्धि हुई वह थी "चतुर्वेदी संग्रह" के रूप में 12,000 पुस्तकों तथा पत्रिकाओं के 2,500 खुले अंकों की प्राप्ति। वर्ष के दौरान पुस्तकालय में "चतुर्वेदी संग्रह" के अलावा, मुद्रित पुस्तकों के 3500 से भी अधिक खण्ड जोड़े गए। इनमें से 1,013 पुस्तकें शामिल हैं जो दुर्लभ हैं और उपहारस्वरूप प्राप्त हुई, पुस्तकों के उपहार मैत्र फ्रांसिस्को के मैं रिनृफ, प्रल्हादित्य पाल, प्रो. गोपीनाथ कविराज शताब्दी समारोह संग्रह समिति, संयुक्त राज्य कांग्रेस लाइब्रेरी, चीन की कला अकादमी, विजयनाम राजदूतावास, नेहरू स्मारक संग्रहालय एवं पुस्तकालय और प्रो. एच. बी. भास्कर के संग्रह से प्राप्त हुए।

पुस्तकालय इस वर्ष भी उन अकादमिक पत्र-पत्रिकाओं का ग्राहक बना रहा जिनका उल्लेख पिछले वर्ष की रिपोर्ट में किया गया था। ऐसी पत्र-पत्रिकाओं की संख्या अब बढ़कर 402 हो गई है।

वर्ष के दौरान प्रकाशनों तथा सूचियों की निम्नलिखित महत्वपूर्ण श्रृंखलाएं जोड़ी गईं:

सिरीज ओरिएंटल गेमा के 9 खण्ड।
अरबी तथा फारसी की पाण्डुलिपियों की सूचियां खुदाबख्श ओरिएंटल पब्लिक लाइब्रेरी, पटना, खण्ड 1,2,3,7,29,30,31,32 व 34।
गोपाल नारायण बोहरा कपाडद्वारा जयपुर में उपलब्ध ऐतिहासिक प्रलेखों की सूची (2 खण्ड)।
बंगाल एशियाटिक सोसाइटी, कलकत्ता में उपलब्ध संस्कृत पाण्डुलिपियों के वर्णनात्मक कैटलॉग के 40 खण्ड।
जकार्ता से प्राप्त 1,327 इण्डोनेशियाई प्रकाशन।
सिक्कों की सूची, भारत के मुगल बादशाह के सिक्के।

माइक्रोफिल्म/माइक्रोफिश

केन्द्र के आन्तरिक संग्रहों और अन्य संस्थाओं से प्राप्त सामग्री की भी माइक्रोफिल्में तैयार करके रखी जाती हैं। वर्ष के दौरान, बिब्लियोथिक नेशनेल, पेरिस, यूनिवर्सिटी लाइब्रेरी, कैम्ब्रिज और एशियाटिक सोसाइटी, कलकत्ता से माइक्रोफिल्मों की 98 कुण्डलियां (रोल्स) प्राप्त हुईं, जो कुल मिलाकर 23,407 पन्नों की थीं। केन्द्र का आन्तरिक संग्रह 36 कुण्डलियों में लगभग 23,000 पृष्ठों का था।

म्यूस बिब्लियोथिक प्रौशिशर कुलतुरबिस (एस.बी.पी.के.), बर्लिन और "इनियन" (रूस) से 4,670 माइक्रोफिशें प्राप्त हुईं।

दक्षिण एशियाई कला विषयक अमेरिकी समिति, संयुक्त राज्य अमेरिका, ब्रिटिश म्यूजियम तथा ब्रिटिश लाइब्रेरी, लंदन से 7,397 स्लाइडें प्राप्त हुईं।

"दुरहुआंग" पर 0.35 मि.मी. का वृत्तचित्र वर्ष के दौरान खरीदा गया।

माइक्रोफिल्म परियोजनाएं

देश के सात केन्द्रों में उपलब्ध पाण्डुलिपियों की माइक्रोफिल्में तैयार करने का काम इस वर्ष भी चलता रहा। वर्ष 1992-93 में माइक्रोफिल्मों की 1,443 कुण्डलियां (लगभग 9,37,950 पन्ने) प्राप्त हुईं।

इसके अलावा, माइक्रोफिल्में तैयार करने का काम मणिपुर राज्य कला अकादमी, अलोम बाबू अनुसंधान केन्द्र और पद्मश्री एन. के. सिंह संग्रह, (सभी इम्फाल में) और श्री रणवीर संस्कृत अनुसंधान संस्थान, जम्मू में प्रारंभ किया गया। इम्फाल के तीनों केन्द्रों का काम पूरी तरह समाप्त हो गया और 99 कुण्डलियां तैयार हो गईं। जम्मू में अभी काम चल रहा है। खुदाबख्श ओरिएंटल पब्लिक लाइब्रेरी, पटना में भी माइक्रोफिल्में बनाने का काम वर्ष के दौरान शुरू किया गया।

इसके अलावा, जैसाकि गत वर्ष की रिपोर्ट में बताया गया था, केन्द्र ने दाता पुस्तकालयों के लिए माइक्रोफिल्मों की प्रतिलिपियां तैयार करने का काम चालू रखा। वैदिक संशोधन मंडल, पूणे की 90 कुण्डलियों की प्रतिलिपियां इस शर्त पर तैयार की गईं कि इसकी प्रतियां केन्द्रों को दी जाएंगी। इसके अलावा, एस. बी. पी. के., बर्लिन की लगभग 8,509 माइक्रोफिशों की प्रतिलिपियां अध्येताओं और शोधकर्ताओं के उपयोग के लिए तैयार की गईं।

माइक्रोफिल्म कुण्डलियों की हर दृष्टि से भलीभांति जांच की जाती है और कुण्डलियों में समाविष्ट पाण्डुलिपियों के पृथक सूच्यवस्थित रूप से रखे जाते हैं। दुर्लभ वस्तुओं की माइक्रोफिल्में बनाने का काम केन्द्र के माइक्रोफिल्म निर्माता दल द्वारा किया जाता है। पुस्तकालय में एक अनुसूचित एककक (रिप्रोग्राफी यूनिट) है जो प्रशिक्षित कार्मिकों तथा अनशक्ति से सुसज्जित है।

माइक्रोफिल्म परियोजनाओं की मार्च, 1993 की स्थिति इस प्रकार है :

क्रम सं.	परियोजनाएं	कुल पांडुलिपियां उपलब्ध	प्रारंभ करने की तारीख	तैयार की गई कुल कुंडलियां	कुल पांडुलिपियां एवं उक्त तारीख तक बनाए गए
1.	सरस्वती भवन लाइब्रेरी, वाराणसी	1,70,000	7.9.89	606	पांडु. 19,589 प. - 3,93,900
2.	गवर्नमेंट ओरिएंटल मैनुस्क्रिप्ट्स लाइब्रेरी, मद्रास	45,000	10.9.89	172	पांडु 5,079 प. 1,11,800
3.	भंडारकर प्राच्य शोध संस्थान, पुणे	18,000	19.9.89	177	पांडु 9,000 प. - 1,15,050
4.	प्राच्य अनुसंधान संस्थान एवं पांडुलिपि पुस्तकालय, त्रिवेन्द्रम	54,000	21.3.90	033	पांडु 1,641 प - 21,450
5.	वैदिक संशोधन मंडल, पुणे	14,099	22.6.90	174	पांडु 6,379 प. - 1,13,100
6.	श्रीराम वर्मा गवर्नमेंट संस्कृत कालेज, त्रिपुनीतुरा	3,300	16.8.90	192	पांडु - 2,993 प. 1,24,800
7.	तंजावुर महाराजा सरफोजी सरस्वती महल लाइब्रेरी, तंजावुर	54,000	28.8.90	089	पांडु - 1,516 प. - 57,850
8	मणिपुर राज्य कला अकादमी, इम्फाल	556 (समाप्त)	24.3.92	055	पांडु 556 प. - 35,750
9.	अतोम बापू अनुसंधान केन्द्र, इम्फाल	033 (समाप्त)	24.11.92	006	पांडु 033 प. - 3,900
10.	पद्मश्री एन. के. सिंह संग्रह, इम्फाल	234 (समाप्त)	1.12.92	034	पांडु 234 प. 22,100
11.	श्री रणवीर संस्कृत अनुसंधान संस्थान, जम्मू	34,000	2.11.92	104	पांडु - 908 प. 67,600
12.	खुदाबख्श ओरिएंटल पब्लिक लाइब्रेरी, पटना	-	13.3.93	-	-

श्रव्य-दृश्य एवं लेखाचित्रात्मक सामग्री

पुस्तकालय कलाकृतियों, चित्रकारियों, रेखाचित्रों और फोटोग्राफों की स्लाइडों, संगीत के वीडियो कैसेट और ग्रेड (एल.पी.) रेकार्डों आदि के रूप में भी सामग्री प्राप्त करता है।

अभिलेखागारीय स्लाइडों की प्रतिलिपियां तैयार करने का काम प्रारंभ किया जा चुका है और आलोच्य वर्ष के दौरान 13,041 स्लाइडों की प्रतिलिपियां तैयार की गई। ये प्रतिलिपियां संदर्भ प्रयोजनों के लिये विद्वानों अध्येताओं को उपलब्ध कराई जाएंगी। ये प्रतिलिपियां मुख्यतः निम्नलिखित संग्रहों में से हैं जो संदर्भ पुस्तकालय को पहले प्राप्त हो चुके हैं:-

ऐशमोलियन म्यूजियम, ऑक्सफोर्ड।
रोतलिन्ग म्यूजियम, बर्लिन।
ब्रिटिश म्यूजियम, लंदन।
चेस्टर बीटी लाइब्रेरी, डब्लिन
ब्रिटिश लाइब्रेरी, लंदन।

सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम

भारत सरकार के विभिन्न द्विपक्षीय सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रमों में भाग लेने के माध्यम से भी पुस्तकालय को सामग्री प्राप्त होती है। वर्ष 1992-93 के दौरान, सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रमों के माध्यम से निम्नलिखित महत्वपूर्ण गतिविधियां सम्पन्न हुई:-

बेल्जियम : केन्द्र के अनुरोध पर, मॉन्स हायनॉट विश्वविद्यालय अपनी पांडुलिपियों के संग्रह की माइक्रोफिल्म भेजने के लिये तैयार हो गया। इस माइक्रोफिल्म को प्राप्त करने के लिये व्यवस्था की जा चुकी है।

बंगलादेश : बांग्ला रिसर्च म्यूजियम के संग्रहों के कैटलॉग का पहला खण्ड प्राप्त हो गया था। म्यूजियम से बाकी खण्ड भेजने का अनुरोध किया गया है।

चीन : दुआन बेन्जी और दुनहुआंग कला की पांडुलिपियों के सम्पादन का कार्य समाप्त हो चुका है।

हंगरी : फ्रांसिस हॉप म्यूजियम से भारत विषयक छह प्रकाशन प्राप्त हुए।

पुर्तगाल: प्राणीविज्ञान और पुरातत्व केन्द्रों के निदेशक से उनकी पत्रिका "लेवा" के छह खण्ड प्राप्त हुए।

वियतनाम : सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम के अन्तर्गत, जिसमें कि दोनों देशों के बीच विद्वानों का आदान-प्रदान होना है, डॉ. बच्चनकुमार, कनिष्ठ अनुसंधान अधिकारी को वियतनाम की दोङ्ग सोन संस्कृति का अध्ययन करने के लिये नामांकित किया गया है।

सामग्री, अनुलिपियों आदि के आदान-प्रदान के लिये अन्य देशों अर्थात् बुलगेरिया, क्यूबा, फिनलैंड, फ्रांस, इंगलैंड, इटली और तुर्की के साथ पत्र-व्यवहार चल रहा है।

तकनीकी एवं कम्प्यूटर कार्य

वर्ष 1992-93 के दौरान 4,398 खण्डों में प्राप्ति संख्या दर्ज करने, उनको वर्गीकृत तथा सूचीबद्ध करने और डेटा इनपुट शीट भरने का काम पूरा किया गया। इस प्रकार अब तक कुल मिलाकर 44,600 खण्डों के संबंध में यह काम पूरा हो चुका है। आलोच्य अवधि में कुल मिलाकर 3,169 रेकार्ड कम्प्यूटर प्रणाली में दाखिल किये गए।

जिल्दबंदी

पुस्तकालय ने इस वर्ष 1,500 खण्डों को जिल्दबंदी करवाई। अब जिल्दबंद खण्डों की संख्या कुल मिलाकर 20,675 हो गई है।

ग्रंथ सूची

निम्नलिखित परियोजनाओं के संबंध में ग्रंथ सूचियां संकलित करने का काम चालू रहा:-

ब्रजनाथद्वारा ग्रंथ सूची
संथाल साहित्य की खोज
मुक्तकुचा ग्रंथ सूची
बृहदीश्वर ग्रंथ सूची
पुतलिका साहित्य की खोज

दो ग्रंथ सूचियां पूरी हो गई और उन्हें विभिन्न संस्थाओं के पास अवलोकनार्थ भेजा गया। उनमें से कुछ के वहां से प्राप्त सुझावों तथा टीका टिप्पणियों को इन ग्रंथ सूचियों में शामिल किया जा रहा है और अब संशोधित संस्करण तैयार करके उनका विमोचन किया जाएगा। ये ग्रंथ सूचियां हैं:

1. मुलेख-साहित्य की खोज
2. वासुदेवशरण अग्रवाल

कार्यशालाएं, सम्मेलन आदि

कार्यकुशलता के स्तर को ऊंचा करने और विचारों के आदान-प्रदान के लिये राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय कार्यशालाएं आयोजित की जाती हैं। इस संबंध में आलोच्य वर्ष के दौरान दो महत्वपूर्ण कार्यक्रम हुए। उनमें एक था 3 सितम्बर, 1992 को कला लाइब्रेरी अनुभाग विषय पर एक कार्यशाला और दूसरा था यूनेस्को के दक्षिण एवं दक्षिण-पूर्व एशियाई क्षेत्र के सदस्य देशों के विशेषज्ञों की दूसरी परामर्श बैठक, जो सांस्कृतिक धरोहर की विशिष्ट सूचना प्रणाली के संपर्क सूत्र स्थापित करने के लिये 24 फरवरी से 28 फरवरी, 1993 तक हुई। इस परामर्श बैठक में दक्षिण एवं दक्षिण पूर्व क्षेत्र के देश भारत के अलावा, आस्ट्रेलिया, बंगलादेश, भूटान, चीन, इंडोनेशिया, ईरान, मलेशिया, नेपाल, फिलिपीन, श्रीलंका, थाईलैंड और वियतनाम के कुल 24 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक के प्रथम परामर्श बैठक की सिफारिशों की समीक्षा की गई और विस्तृत विचार-विमर्श के बाद इन देशों के बीच परस्पर अधिक सक्रिय संपर्क को सुकर बनाने के लिये महत्वपूर्ण सिफारिशें की गई। बैठक का उद्घाटन भारत के उप-राष्ट्रपति श्री के. आर. नारायणन द्वारा किया गया और समापन अभिभाषण राजीव गांधी समकालीन अध्ययन संस्थान के अध्यक्ष डॉ. आबिद हुसैन द्वारा दिया गया। प्रो. अशीरुद्दीन अहमद और प्रो. यशपाल प्रभृति विख्यात विद्वानों ने इस बैठक में भाग लिया।

सुविधाएं तथा सेवाएं

संदर्भ पुस्तकालय का उपयोग करने वाले व्यक्तियों को निम्नलिखित सेवाएं प्रदान करने के लिये आधारभूत सुविधाएं विकसित की गई हैं:-

1. पुस्तकों, पत्रिकाओं आदि का कुछ समय के लिये अन्तरपुस्तकालयिक आदान प्रदान।
2. जीरोक्स प्रतियां तैयार करना।
3. माइक्रोफिल्म और माइक्रोफिश पढ़ना तथा उनकी फोटो प्रति तैयार करना।
4. कम्प्यूटरबद्ध कैटलॉग।

आगंतुक महानुभाव

आलोच्य वर्ष के दौरान संदर्भ पुस्तकालय में अनेक विशिष्ट व्यक्ति एवं विख्यात विद्वान पधारे। आने वाले महानुभावों को यहां स्थापित कम्प्यूटर प्रणाली तथा विकासकार्य से अवगत कराया गया। उनमें कुछ विशेष रूप से उल्लेखनीय महानुभाव थे: संगीत नाटक अकादमी के प्रधान श्री गिरीश कर्नाड; यूनेस्को, पेरिस से श्री क्लौडे फैब्रीज्यो; एशिया तथा प्रशान्त क्षेत्र में संस्कृति के लिये यूनेस्को के क्षेत्रीय सलाहकार श्री इश्तियाक खान; विदेश मंत्रालय में सचिव श्री एल. एल. मेहरोत्रा; कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय के दक्षिण एशिया अध्ययन केन्द्र के अध्यक्ष प्रो. आर. पी. गोल्डमैन; यूनेस्को में भारत की स्थायी प्रतिनिधि/राजदूत कु. नीना सिब्बल; पश्चिम बंगाल सरकार के संसदीय कार्य विभाग के मंत्री प्रो. प्रबोधचन्द्र सिन्हा; जिनेवा के डिजिटल यूरोप के श्री अजय मलिक; जाने-माने पुस्तकालयाध्यक्ष जैसे संयुक्त राज्य कांग्रेस लाइब्रेरी, संयुक्त राज्य अमेरिका के डॉ. जेम्स एच. बिलिंगटन; इंडोनेशिया के राष्ट्रीय पुस्तकालय की कु. माथिल्दी हार्डजोप्रकामो; शिकागो विश्वविद्यालय, संयुक्त राज्य अमेरिका के डॉ. जेम्स नाए; और ब्रिटिश लाइब्रेरी, यू. के. के श्री प्राहम शॉ; और विख्यात शिक्षाविद जैसे कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय के प्राच्य अध्ययन संकाय के श्री डेविड लाइमर; कॉर्नेल विश्वविद्यालय, संयुक्त राज्य अमेरिका के एशियाई अध्ययन विभाग के डॉ. मिनरोवस्की; नालंदा खुला विश्वविद्यालय, पटना के उप-कुलपति डॉ. कुमार विमल; और सामाजिक विज्ञान विषयक वैज्ञानिक सूचना संस्थान (इनियन), मास्को के डॉ. विक्टर प्लुइश्चेव।

अनुदान

कला निधि प्रभाग को 'इन्टैक' (यू. के.) से अनुदान मिलते रहे। यूनेस्को की उपर्युक्त द्वितीय परामर्श बैठक के लिये यूनेस्को से आर्थिक सहायता मिली।

दौरे

(सम्मेलन/संगोष्ठी/कार्यशाला/भाषण के लिये)

इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र अपने कार्मिकों को अनुलिपि कला, सूचना विज्ञान तथा तत्संबंधी अन्य विषयों की नवीनतम प्रवृत्तियों से अवगत कराने के लिये सदा प्रयत्नशील रहता है। इसी उद्देश्य से कार्मिकों को विभिन्न सम्मेलनों, संगोष्ठियों/कार्यशालाओं आदि में भाग लेने के लिये भेजा जाता है। आलोच्य वर्ष 1992-93 के दौरान हुई इन गतिविधियों का ब्यौरा अनुबंध 10 पर दिया गया है।

कार्यक्रम ख : राष्ट्रीय सूचना प्रणाली तथा डेटा बैंक

कला निधि (ख) प्रभाग की जिम्मेदारी है: अन्य सभी प्रभागों की कम्प्यूटरीकरण संबंधी आवश्यकताओं का पता लगाना; सूचना प्रणाली का डिजाइन व विकास करना, कम्प्यूटर प्रणाली का रखरखाव करना व उसे चालू रखना और उपयोगकर्ताओं को प्रशिक्षण देना। इस प्रभाग को राष्ट्रीय सूचना केन्द्र (एन. आई. सी.) से भरपूर सहयोग मिलता रहा है। इसके कार्यक्रम आगे इस प्रकार विभाजित हैं:-

1. हार्डवेयर तथा सॉफ्टवेयर को प्राप्त करना और उसे चालू करना,
2. डेटाबेस का निर्माण,
3. कला और मानविकी के राष्ट्रीय डेटा बैंक के लिये नोडल एजेंसी,
4. सांस्कृतिक स्रोतों के परस्पर सक्रिय बहु-माध्यमिक प्रलेखन के लिये राष्ट्रीय सुविधा की स्थापना करना,
5. अनुसंधान तथा विकास परियोजनाएं,
6. जनशक्ति प्रशिक्षण,
7. कम्प्यूटर प्रदर्शन।

1. हार्डवेयर तथा सॉफ्टवेयर को प्राप्त करना और उसे चालू करना

पूर्व-एशिया कक्ष के लिये एक एपल मैकिंटोश क्लासिक प्रणाली प्राप्त की गई। दुनहुआंग संग्रहों के संपादित कार्यवृत्त को अंतरित करने के लिये इस पर काम प्रारंभ किया जा चुका है।

एक प्रिंटर सहित एक पी.सी. ए.टी. 286 प्राप्त किया गया और पूर्वशिया कक्ष में परामर्शदाता के प्रयोग के लिये लगा दिया गया।

एक एपल मैकिंटोश क्लासिक प्रणाली प्राप्त की गई और कला कोश प्रभाग में डेस्क टॉप पब्लिशिंग के लिये स्थापित की गई। इस पर एक बड़े ग्रंथ "बृहद्देशी" विषयक कार्य प्रारंभ हो चुका है। इस प्रणाली के साथ एक लेजर प्रिंटर भी चालू किया गया है।

2. डेटाबेस का विकास

डेटाबेसों में और अधिक सूचना संगृहीत करने का कार्य वर्ष 1992-93 में भी चलता रहा। इसका ब्यौरा नीचे दिया जा रहा है:-

(क) सूचियों की संघ सूची (कैटलॉग)

इस डेटाबेस से प्रकाशित/अप्रकाशित हजारों सूचियों (कैटलॉग) के बारे में जानकारी मिलती है। पचास से अधिक सूचियों के बारे में जानकारी कम्प्यूटर में भरी गई। विषय, भाषा, सूचीकर्ता का नाम आदि के अनुसार सूचना पुनः प्राप्त करने के लिये प्राप्ति बिन्दुओं की और व्यवस्था की गई। कला निधि प्रभाग द्वारा सूचियों को आगे और जाँच करने के लिये अद्यतन बनाई गई मुद्रित सूचना का उपयोग किया जा रहा है।

(ख) पाण्डुलिपियां (मैनुस)

अधिक वर्णनात्मक सूचना जोड़ी गई। अब तक लगभग 9,000 पांडुलिपियों के बारे में सूचना का कम्प्यूटरीकरण किया जा चुका है। कलामूलशास्त्र श्रृंखला में शामिल किये गए अन्य ग्रंथों के बारे में वर्णनात्मक सूचना कम्प्यूटर में बराबर भरी जा रही है। यह सूचना कलामूलशास्त्र की आधारभूत ग्रंथ श्रृंखला की योजना के अन्तर्गत तैयार किए जाने वाले समीक्षात्मक संस्करणों के लिये पांडुलिपियों का परस्पर भेद दर्शाने हेतु आधार का काम देती है।

(ग) कला कोश पारिभाषिक शब्द (केकेटर्म)

कलातत्त्वकोश की परियोजना के लिये डेटाबेस विकसित कर लिया गया है। वर्ष के दौरान 12,000 से भी अधिक पारिभाषिक शब्दों के बारे में वर्णनात्मक सूचना रोमन तथा देवनागरी लिपियों में कम्प्यूटरीकृत की गई है। इससे अध्येताओं को प्रत्येक पारिभाषिक शब्द के लिये पाठ/ग्रंथ संबंधी व्यापक संदर्भ तैयार करने और भिन्न भिन्न पाठों/ग्रंथों में उद्धरणों तथा पारिभाषिक शब्दों के ग्रंथसूची संबंधी संदर्भों को सत्यापित करने में सहायता मिलती है।

(घ) पुस्तकालय सूचना प्रबन्ध प्रणाली (लमिस)

निम्नलिखित सॉफ्टवेयर मॉड्यूल विकसित किए गए :

1. इस (लमिस) प्रणाली में बड़ी संख्या में विषय सम्मिलित करने के लिये आवश्यक परिवर्तन किए गए और सॉफ्टवेयर को भी तदनुसार संशोधित किया गया।

2. पुस्तकालय में पुस्तकें प्राप्त करने से संबंधित सूचना को संसाधित करने के डेटाबेसों को डिजाइन करके तैयार किया गया। अन्य डेटाबेसों के साथ एकरूपता बनाए रखने के उद्देश्य से डेटा प्रविष्टि/डेटा कूटकरण के लिये यूजर इंटरफेस का भी विकास किया गया।

वर्ष के दौरान 2000 से भी अधिक पुस्तकों के बारे में कैटलॉग संबंधी सूचना को कम्प्यूटरबद्ध किया गया।

(ङ) ग्रंथ सूची (बिब्ल)

मुलेखकला, पुतलिकला तथा संथाल जैसी पहले से चल रही विभिन्न परियोजनाओं से संबंधित 2000 से भी अधिक संदर्भों (प्रबन्ध, पुस्तकें, पत्रिकाएं, लेख आदि) के बारे में ग्रंथसूची संबंधी सूचना को कम्प्यूटर में भर गया।

(च) कोश निर्माण (थिस)

यह डेटाबेस जनपद सम्पदा प्रभाग के कार्यक्रमों के लिये विकसित किया गया है। कुछ जनजातीय भाषाओं तथा बोलियों में प्रचलित महत्वपूर्ण शब्दों को इस उद्देश्य से कम्प्यूटर में भरा जाता है ताकि पंच महाभूतों पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु तथा आकाश से संबंधित सवर्गीय शब्दों का पता लगाया जा सके। अधिक सूचना शामिल करने और ग्रंथ सूची डेटाबेस के साथ संबद्ध करने के उद्देश्य से सॉफ्टवेयर में परिवर्तन किया गया।

(छ) माइक्रोफिल्म/माइक्रोफिश (एम. एफ. एम.)

इस डेटाबेस में पांडुलिपियों की माइक्रोफिल्मों/माइक्रोफिशें के बारे में संदर्भ जानकारी रखी जाती है। 1500 से भी अधिक प्रविष्टियों को कम्प्यूटर में भरा गया है। विभिन्न पहुंच बिन्दुओं पर आधारित सूचना को पुन: प्राप्त करने तथा मुद्रित करने के लिये 'यूजर इंटरफेस' प्रणाली विकसित की गई है।

(ज) श्रव्य-दृश्य सूचना प्रबन्ध प्रणाली (एविम्स)

कला निधि (ग) प्रभाग में उपलब्ध श्रव्य-दृश्य सामग्री के बारे में कैटलॉग संबंधी सूचना इसमें शामिल है। 2000 से भी अधिक वस्तुओं के बारे में ऐसी सूचना कम्प्यूटरबद्ध की गई।

(झ) प्रशासनिक तथा वित्तीय संवीक्षा

1. पुरस्कार/पारितोषिक, भाषण/व्याख्यान/निबंध और निमंत्रणों से संबंधित सूचना के प्रलेखन के लिये तीन डेटाबेस विकसित किए गए। नमूने के डेटा से इनका परीक्षण किया गया। डेटा प्रविष्टि अद्यतन बनाने का कार्य प्रगति पर है।
2. वेतन पर्चियां तथा अन्य वित्तीय रिपोर्टें तैयार करने और दैनिक नकदी/बैंक संबंधी लेन-देन का हिसाब रखने का काम कम्प्यूटरबद्ध कर दिया गया है।

3. कला और मानविकी के राष्ट्रीय डेटा बैंक के लिये नोडल एजेंसी

भारत सरकार ने इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र को कला, मानविकी तथा सांस्कृतिक धरोहर के राष्ट्रीय डेटा बैंक के लिये एक नोडल एजेंसी के रूप में नामित किया है। इस क्षेत्र में एक राष्ट्रीय तंत्र (नेटवर्क) का विकास करने के उद्देश्य से, कला, मानविकी और राष्ट्रीय धरोहर के संबंध में डेटा के संग्रह, पुन: प्राप्ति तथा वितरण के प्रयोजन के लिये केन्द्रीय सरकार की सभी एजेंसियों के लिये हार्डवेयर तथा सॉफ्टवेयर संबंधी अपेक्षाओं सहित तकनीकी मानक निर्धारित किए जा सकते हैं। इसी उद्देश्य से केन्द्र को यह अधिकार दिया गया है कि वह सभी अपेक्षित डेटा सूचना निर्धारित फार्मों

पर अनिवार्य रूप से केन्द्र के पास भेजने के लिये केन्द्रीय सरकार के सभी विभागों को समुचित निर्देश दे और राज्य सरकारों को भी इस संबंध में उनकी एजेंसियों का सहयोग दिलाने के लिये कहे।

यूनेस्को ने दक्षिण तथा दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों के लिये कला, सांस्कृतिक धरोहर तथा जीवन शैलियों के संबंध में क्षेत्रीय डेटाबेस का विकास करने के लिये इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र को एक नोडल एजेंसी के रूप में मान्यता दी है। इस कार्य के लिए केन्द्र डेटा के मानकीकरण, आदान-प्रदान तथा वितरण के लिये आधुनिक सूचना प्रौद्योगिकियों का प्रयोग करेगा। दूसरी यूनेस्को परामर्श बैठक फरवरी, 1993 में हुई। बैठक में राष्ट्रीय सूचना केन्द्र की ओर से "सांस्कृतिक धरोहर सूचना तंत्र" विषय पर एक तकनीकी शोध पत्र प्रस्तुत किया गया जिस में सांस्कृतिक सूचना के संबंध में एक क्षेत्रीय तंत्र (नेटवर्क) स्थापित करने के लिये एक 12 सूत्रीय कार्य योजना दी गई थी। राष्ट्रीय सूचना केन्द्र के महानिदेशक से कहा गया है कि वे देश में उपलब्ध सभी सूचना को एकत्रित करने के लिये सलाह दें।

4. सांस्कृतिक स्रोतों के परस्पर-सक्रिय बहु-माध्यमिक प्रलेखन के लिये एक राष्ट्रीय सुविधा की स्थापना

"सांस्कृतिक स्रोतों के परस्पर-सक्रिय बहु-माध्यमिक प्रलेखन के लिये एक राष्ट्रीय सुविधा की स्थापना" के विषय पर एक व्यापक प्रलेख तैयार किया गया। स्थानी तकनीकी समूह की सिफारिशों के अनुसार तैयार किया गया एक परियोजना प्रस्ताव, जिसमें परियोजना प्रलेख, परियोजना विवरण की रूपरेखा, अध्ययन दौरा रिपोर्ट और प्रणाली विश्लेषण रिपोर्ट शामिल थीं, आवश्यक धनराशि को स्वीकृत करने के लिये अक्टूबर, 1991 में यू. एन. डी. पी. के पास भेजा गया। 'गीतगोविन्द', 'आकार', 'बृहदीश्वर मंदिर' और 'कला' विषयों पर चार बहु-माध्यमिक परियोजनाएं हाथ में लेने के लिये व्यापक रूपरेखाएं तैयार की गईं।

यू. एन. डी. पी. की अपेक्षाओं के अनुसार परियोजना प्रस्ताव में संशोधन करके उसे यू. एन. डी. पी. को प्रस्तुत कर दिया गया है और अब मामला यू. एन. डी. पी. के विचाराधीन है।

5. अनुसंधान एवं विकास परियोजना

(क) भारतीय भाषा संसाधन

कम्प्यूटर संचार की प्राथमिक पहलों के रूप में स्वाभाविक भाषा के सुजन इंटरफेस के विकास के अंतिम उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए, भविष्य के लिये सुनियोजित योजना तैयार की गई है जिसमें भारतीय भाषाओं के संसाधन (प्रोसेसिंग) के लिये उपयुक्त उपकरण विकसित होंगे।

विदेश मंत्रालय में प्रयोग करने के लिये योजना, संसाधन, हिन्दुस्तानी और मलयालम लिपियों को ध्वनि सूचक चिह्नों के साथ और विकसित करने के लिये इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र और एन. सी. एस. टी. के बीच एक समझौते के तहत एक हस्ताक्षर किया गया।

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र द्वारा दी गई, देवनागरी लिपियों की तकनीकी मांगों के अनुसार रोमन लिपि में और नन्दिनी, धरमा तथा हिन्दुस्तानी लिपियों में स्वाभाविक चिह्नों को शामिल करने के लिये 'चित्रा' जिसका परियोजना प्रायोजित की गई थी एन. सी. एस. टी. द्वारा विकसित की जाएगी।

एन. सी. एस. टी. ने [illegible] का नया संस्करण [illegible] विकसित किया, जो [illegible], 1993 में स्थापित करके चालू कर

दिया गया। इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र के वरिष्ठ अधिकारियों एवं संबंधित कार्मिकों के समक्ष इस सम्पूर्ण प्रणाली का प्रदर्शन किया गया।

(ख) 'गोलगोविन्द' विषयक बहु-माध्यमिक परियोजना

बहु माध्यमिक प्रस्तुतियों में संबंधित विकास कार्य के लिये पैकिंग्ज प्रणाली प्राप्त की गई। 'गोलगोविन्द' पर एक बहु माध्यमिक प्रस्तुति का पूर्वरूप विकसित किया गया। इस प्रणाली में शब्दिक पाठों, चित्रात्मक छवियों तथा संगीत धुनों को सम्यक् रूप से समन्वित करने का प्रयास किया गया है। संबंधित सूचना को पुनः प्राप्त करने के लिये एक 'सैंपल यूज़र इंटरफेस' का विकास किया गया। इसे विकसित करने में तकनीकी के साथ पाठ को संपादित, संबद्ध करने की विभिन्न सुविधाओं, चित्रों के रूप, रंग, चमक को कम या अधिक करने या इन्हें पास या दूर लाने से जाने की सुविधाओं तथा विशेष प्रभावों के साथ ध्वनि संयोजन की सुविधाओं का उपयोग किया गया।

'गोलगोविन्द' पर एक व्यापक 'बहु माध्यमिक प्रस्तुति' तैयार करने का प्रस्ताव है। इस दिशा में पहले कदम के रूप में, सम्बन्धित सामग्री सूचना, 'गोलगोविन्द' की पांडुलिपियों की माइक्रोफिल्में माइक्रोफिल्म इकट्ठी करने का काम हाथ में लिया जा चुका है।

उपलब्ध विशेषज्ञ प्रस्तुतियों के धीरज, ज्ञान को विकसित करने और ज्ञान के आधार (थीम) से निष्कर्ष निकालने के लिये, अर्थपरक सीढ़ियों का प्रयोग किया जा रहा है। बहु माध्यमिक प्रस्तुतियों के लिये व्यवस्थित फलात्मक 'आउटपुट' को दृश्य तथा मौखिक सूचना के साथ जोड़ने के प्रयत्न किए जा रहे हैं।

इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र के कर्मचारियों और यहां आने वाले महानुभावों के लिये (गोलगोविन्द पर) बहु-माध्यमिक प्रस्तुतीकरण प्रणाली को सुविधा उपलब्ध कराने के लिये और विभिन्न बहु माध्यमिक विकास उपकरणों (हाइपर कार्ड, मार्केट प्लेस, मैक्रोमाइंड डाइरेक्टर और एडोब फोटोशॉप) के प्रयोग को सीखने के लिये 'मेनू' चालित सूत्र (इंटरफेस) विकसित किए गए। छात्राओं के लिये (विवरणात्मक तथा प्रतिमात्मक) सूचना रखने के लिये बहु-माध्यमिक सुविधा विकसित की गई।

विशेषज्ञ अंशदाताओं के संबंध में सूचना : संदर्भ उनकी छवि और उनके द्वारा की गई अंतर्दृष्टि टिप्पणियां। सबके लिये भी बहु माध्यमिक सुविधा का विकास किया गया।

6. जनशक्ति प्रशिक्षण

प्रस्तावित अवधि में 10 से अधिक व्यक्तियों को अपने काम के लिये कम्प्यूटरों का इस्तेमाल करने का प्रशिक्षण दिया गया। कम्प्यूटर क्षेत्र में काम करने वाले सभी व्यक्तियों के एकत्रीकृत ज्ञान को अद्यतन करने के लिये बराबर ध्यान दिया गया ताकि वे विकसित की गई विभिन्न प्रणालियों से अवगत रह सकें। इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र के कार्मिकों को नियमित रूप से प्रशिक्षण दिया गया और कला तथा संस्कृति के क्षेत्र में विकसित नवीनतम प्रौद्योगिकियों और उनके प्रयुक्तियों से उन्हें अवगत कराया गया।

7. कम्प्यूटर प्रदर्शन

मास	कार्यक्रम	वर्णन
मई, 92	शिक्षा तथा संस्कृति विषयक संयुक्त राज्य सभा अध्यक्ष के प्रतिनिधियों के लिये प्रदर्शन	शिक्षा तथा संस्कृति विषयक संयुक्त राज्य सभा अध्यक्ष के प्रतिनिधियों के लिए "तीसरीविन्ड" पर बहु-माध्यमिक प्रदर्शन किया गया।
मई, 92	श्री विशिष्ट महानुभावों के लिए प्रदर्शन	श्री [illegible] अकबर सांसद और श्री [illegible] के लिए "तीसरीविन्ड" पर बहु माध्यमिक प्रदर्शन किया गया।
जून, 93	यूनेस्को प्रतिनिधियों के लिए प्रदर्शन	यूनेस्को के श्री [illegible] के श्री [illegible], यूनेस्को के श्री [illegible] खान और केन्द्र के अधिकारियों के लिये 'तीसरीविन्ड' पर बहु माध्यमिक प्रदर्शन किया गया।
नवम्बर, 93	यू. एन. डी. पी. यूनेस्को दल के लिए प्रदर्शन	मेसुल विस्टा मेस के सीडल कम्प्यूटर कक्ष में यू. एन. डी. पी. यूनेस्को दल के लिए कम्प्यूटर प्रदर्शन की व्यवस्था की गई।
जनवरी, 93	विदेशी विशेषज्ञों के लिए प्रदर्शन	एक [illegible] कम्प्यूटर विशेषज्ञ (संसद में [illegible] के विशेषज्ञ डॉ. [illegible] मलिक) के लिए मेसुल विस्टा मेस में कम्प्यूटर प्रदर्शन की व्यवस्था की गई।
जनवरी, 93	सिन्धु विस्तार	एन. सी. एस. सी. ने जनवरी 92 में हस्तक्षेपित समझौते के अनुसार 'सिन्धु' की 2.0 संस्करण विकसित किया। उन्होंने इस प्रणाली को लगाया और चालू किया। विज्ञान भवन एनेक्सी में केन्द्र के वरिष्ठ अधिकारियों तथा सम्बंधित के मंत्रालयों के समक्ष सम्पूर्ण प्रणाली का प्रदर्शन किया गया।
फरवरी, 93	दूसरी पंचवर्षीय योजना में भाग लेने वाले प्रतिनिधियों के लिए	सांस्कृतिक मंत्रालय विषयक विशिष्ट सूचना प्रणाली के साथ संपर्क सूत्र स्थापित करने के लिए दक्षिण तथा दक्षिण एवं पूर्वांचल क्षेत्र के चुनिन्दा सदस्य देशों के प्रतिनिधियों को दूसरी पंचवर्षीय योजना में भाग लेने वाले प्रतिनिधियों के लिए प्रदर्शन की व्यवस्था उनके समक्ष की गई।

कार्यक्रम ग : सांस्कृतिक अभिलेखागार

सांस्कृतिक अभिलेखागार कला विधि प्रभाग का एक अत्यंत महत्वपूर्ण अनुभाग है। यह अनुभाग इन विद्वानों तथा कलाकारों के व्यक्तिगत संग्रहों को प्राप्त करता है, इकट्ठा करता है, उनका वर्गीकरण करता है और उनको प्रदर्शित करता है, जिन्होंने अपना सम्पूर्ण जीवन किसी कला या विषय विशेष की सामग्री के संकलन में लगा दिया है। यह अनुभाग विशेष कलाकृतियों पर संभवित वृत्तचित्र, गायन श्रव्य, दृश्य सामग्री भी प्राप्त करता है जो कलाओं के अध्येताओं तथा प्रस्तुत कर्ताओं के लिये शोधात्मक महत्व की है। आलोच्य वर्ष के दौरान, सांस्कृतिक अभिलेखागार के कार्यकलापों में अनुसंधान एवं प्रलेखन परियोजनाओं पर विशेष बल दिया गया। आलोच्य वर्ष में सम्पन्न किए गए कार्यकलापों में से कुछ ये हैं :

1. व्यक्तिगत संग्रह

सांस्कृतिक अभिलेखागार अपनी अनुसंधान सामग्री को छः भिन्न-भिन्न श्रेणियों, अर्थात् साहित्य, वास्तु, शिल्प, छायाचित्र, संगीत, नृत्य और नाट्य के अन्तर्गत समृद्ध करता रहा।

डी. आर. डी. खांडेवा संग्रह

विख्यात छायाकार श्री डी. आर. डी. खांडेवा ने अनेक राष्ट्रनिष्ठ महानुभावों तथा देश के स्वातंत्र्य पूर्व एवं स्वातंत्र्योत्तर काल की महत्वपूर्ण घटनाओं के फोटोग्राफ दिए थे। वर्ष के दौरान, अनेक रंगीन तथा श्वेत-श्याम चित्रों (मढ़े हुए व बिना मढ़े हुए) व निगेटिवों के साथ-साथ चुने हुए लगभग 330 फोटोग्राफ प्राप्त किए गए।

उस्ताद अब्दुल मजीद अंसारी से मुखौटों का संग्रह

उस्ताद अब्दुल मजीद अंसारी से पांच खूबसूरत लकड़ी के मुखौटे प्राप्त की गई। उस्ताद अंसारी ने अपनी सारी जिन्दगी चिकनी मिट्टी से बे शुमार मुखौटे बनाने में लगा दी है। इन मुखौटों की दुर्लभ विशेषता यह है कि ये मिट्टी की बनी होने पर भी भार में बहुत हलकी हैं। उनके "मोड़ी" और "जोड़ी" पर नजर डालने से थकाई मालूम हो जाती है।

2. परियोजना अनुसंधान एवं क्षेत्र अध्ययन

कला क्षेत्र द्वारा संगमोत्सव

भारत की सुविख्यात नृत्यांगना श्रीमती संयुक्ता पाणिग्रहि द्वारा 'भरत नाट्यम' शैली में प्रकल्पित एवं प्रदर्शित, संगमोत्सव का प्रलेखन किया गया। यह कला क्षेत्र, मद्रास के कलाकारों द्वारा प्रस्तुत किया गया था। इसकी रेकार्डिंग वी. पार्थसारथी (वीडियो फोटोग्राफर) ने की है।

गुरु अम्मनूर माधव चाकियार द्वारा कूत्तिअट्टम

गुरु अम्मनूर माधव चाकियार कूत्तिअट्टम की प्रस्तावित नाट्यावलियों में चाकियार परिवार के चले हुए अंतिम अध्येता गुरु हैं। इस प्रलेखन की मुख्य विशेषता यह है कि परम्परागत शैली में नृत्य प्रस्तुत करने के लिए 37 वर्षीय नाट्यकुद एक स्वयं उपस्थित हुए। दो पैरिक फ्लाशेट (डी. वीडियो) में तैयार किए गए इस प्रलेखन में कूत्तिअट्टम के तीन वेशम अर्थात् अर्जुन अभिषेकम्, सुभद्राधनंजयम् और नीलकण्ठम् के साथ सूत्रभूत क्रियाओं को भी प्रदर्शित किया गया है। वैसे तो यह रेकार्डिंग लगभग 33 घण्टे की गई पर सम्पादन के बाद अंतिम रूप में इस प्रलेखन की अवधि 16 घण्टे है। यह प्रलेखन इससे पहले किए गए पर्यवेक्षी विश्लेषण और चाकियारम् नामक दो दृश्यों की रेकार्डिंग के अंतर्गत है जो इन्हीं प्रख्यात गुरु ने प्रस्तुत किए थे।

श्रीमती डी. वृंदा का संगीत कलासंगीत

धनम्माल स्मारक के प्रतिष्ठा सम्मान से सम्मानित कर्नाटक संगीतज्ञा श्रीमती डी. वृंदा के संगीत की ऑडियो एवं ऑडियो रिकार्डिंग मार्च, १९९३ में की गई। स्टूल फॉरमैट में यह 75 मिनट की और वीडियो (दृ-श्रव्य) फॉरमैट में 60 मिनट की है।

श्री ए. एस. गणेशन् द्वारा जलतरंग

जलतरंग प्राचीन काल का एक ऐसा वाद्य यंत्र था जो अधिक प्रचलित नहीं था। आज जलतरंग वाद्य को बजाने वाले बहुत कम लोग हैं। इसके अग्रणी वादकों में से एक हैं ए. एस. गणेशन्। इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र ने अपने यहाँ प्रस्तुत इनके कार्यक्रम की एक घण्टे की रिकार्डिंग की। इसमें दर्शकों को यह बताया गया है कि जलतरंग वादन के मूलभूत सिद्धान्त क्या हैं। इसके साथ ही इनके कार्यक्रम के कुछ प्रमुख अंशों की भी रिकार्डिंग की गई।

श्री एस. जनार्दनन् द्वारा प्रस्तुत अष्टपदी

केरल के गुरुवायूर मंदिर में गाई जाने वाली गीतगोविन्द की अष्टपदियों का ऑडियो प्रलेखन ऑडियो स्पूलों पर किया गया। गुरुवायूर मंदिर के एस. जनार्दनन् द्वारा प्रस्तुत यह कार्यक्रम दो घण्टे का है।

संकलन के कुछ मुख्य अंश

यह प्रलेखन कार्य मार्च-अप्रैल, १९९२ में आरम्भ श्याम शर्मा द्वारा किया गया। संकलन के निम्नलिखित तीन कुछ मुख्य अंशों के माध्यमों तथा कुछ कार्यक्रम की 13 घण्टे की रिकार्डिंग की गई:

1. गुरु गोपालदास कालिदास सिंह (96 वर्षीय)
2. गुरु कीनाराइलक्ष्मा अब्दुलकरीम खाँ (96 वर्षीय)
3. गुरु मदनेसवान और साथी सिंह (93 वर्षीय)

वर्ष 1992-93 के दौरान मानिकप्पा शरीफ की "अब्दुल रहमान" पर प्रस्तुति के बाद का विस्तृत काम सम्पन्न हो जाने के साथ ही, इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र के पास शोधकर्ताओं के लिए अब एक और मूल्यवान प्रलेखन हो गया है।

3. फिल्म वीडियो फोटो की प्राप्तियां

इस वर्ष की नई प्राप्तियों में शामिल हैं: पोरि मुदलियार पिल्लै द्वारा 'लोकधर्मी' और श्री के. एस. कीनाराइलक्ष्मा द्वारा 'सामवेद इन साउथ इंडिया एण्ड एशिया' (दक्षिण भारत एवं एशिया में सामवेद)। 'अयप्पनकोवल' और 'प्रदेशकाम मूल का कला' पर दो वृत्तचित्र भी श्री इंदुधरन नायर से खरीदे गए हैं। 'पिल्लयार' फिल्म सिनेमा देवन भट्टाचार्य द्वारा तैयार की गई 7 फिल्मों का सेट भी केन्द्र द्वारा प्राप्त किया गया। इनमें कई गायन-नृत्य के विषय हैं, जैसे 'शिव का कल्याण', 'ईश्वर और मनुष्य', 'बुद्ध और ध्यान लगाने वाला', 'भजन करने वाले लोग' आदि।

वृत्तचित्रों के संग्रहालयों का एक सेट, जिसमें 'विजय नृत्यम' को प्रस्तुत किया गया है, प्राप्त हुआ है। इसके परिणिक्ष, कु. उर्मिला भट्ट और श्री गंगा कलेश्वर द्वारा मणिपुरी और कथकली के सम्बन्ध में 52 वर्षीय श्याम शर्मा-संग्रह इस वर्ष प्राप्त किए गए।

4. आन्तरिक प्रलेखन कार्य

इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र द्वारा अपनी अन्य विभिन्न समितियों, कलाशालाओं, संगोष्ठियों का अपना स्वयं प्रलेखन किया गया। इनमें शामिल हैं: चक्रदेवन मंदिर का 'पन्नाडी में सन्यास' और 'मन्दारी अन्य लोक के लोकगीतों को पहचानें', 'संगमशास्त्र' पर संगोष्ठी आदि कार्यक्रम केन्द्रों द्वारा किए गए प्रलेखनों को पहचानें।

कार्यक्रम घ : क्षेत्र अध्ययन

जनता शिक्षा प्रभाग इस कार्यक्रम के अन्तर्गत कुछ ऐसे विशिष्ट सांस्कृतिक क्षेत्रों पर अपना ध्यान केन्द्रित करता है जिनके साथ भारत के घनिष्ठ संबंध रहे हैं।

1. दक्षिण-पूर्व एशियाई कक्ष

इस कक्ष का उद्देश्य भारत तथा दक्षिण-पूर्व एशिया के बीच सांस्कृतिक संबंधों के अध्ययन के लिए पुस्तकालय सामग्री का योजनाबद्ध संग्रह बनाना है। दक्षिण-पूर्व एशिया में सभ्यता एवं संस्कृति विषयक सामग्री को साहित्य में व्यापक रूप से खोज करने की दिशा में काफी काम किया गया था। इस कैलेण्डर वर्ष में कक्ष ने पुस्तकालय द्वारा प्राप्त किए जाने के लिए 250 पुस्तकों की सूची बनाई है। प्रकाशकों, संस्थाओं, प्रेस तथा अन्य अधिकरणों के साथ संपर्क स्थापित करके 24 नई शृंखलाबद्ध प्रकाशनों के लिए सिफारिश की गई है।

दक्षिण एशियाई राष्ट्रीय कला केन्द्र में उपलब्ध दक्षिण-पूर्व एशिया विषयक स्रोत सामग्री का सूचक

केन्द्र के संदर्भ पुस्तकालय में उपलब्ध स्रोत सामग्री पर क्षेत्रानुसार और विषयानुसार विस्तृत ग्रंथ सूची तैयार करने के उद्देश्य से कक्ष मुनाफ में लगभग 500 शीर्षक जोड़े गए हैं।

व्यक्तिगत संग्रहों का अर्जन

दक्षिण-पूर्व एशिया विषय के प्रख्यात विद्वान डॉ. एच. बी. सरकार के पास पुस्तकों, पत्रिकाओं तथा प्रलेखों का काफी बड़ा व्यक्तिगत संग्रह था। वर्ष के दौरान, श्रीमती सरकार ने इसमें से 173 पुस्तकें, पत्रिकाएं तथा मुद्रित सामग्री केन्द्र के संदर्भ पुस्तकालय को दानस्वरूप दे दी। इन्हें दिवंगत डॉ. एच. बी. सरकार संग्रह के नाम से अलग रखा गया है।

इंडोनेशिया से प्राप्त पुस्तकें

